आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 20.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– जल संरक्षण और भूजल संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले का पांच प्रतिशत मॉडल देशभर में लागू किया जाएगा।

2– स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पांच हजार विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए जल्दी ही जारी किया जाएगा विज्ञापन।

3– छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं बोर्ड की परीक्षा आज से शुरू–कल इक्कीस फरवरी से आयोजित होगी दसवीं की परीक्षा।

**और**

4– प्रदेश के रायगढ़, बालोद और महासमुंद जिलों में संशोधित गाइडलाइन दरों को आज से लागू किया गया।

..........

**प्रधानमंत्री–बैठक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में सेवा तीर्थ में एआई और डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारिओं के साथ एक बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री ने कृषि, पर्यावरण संरक्षण और मातृभाषा में उच्च

शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एआई तकनीक के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। श्री मोदी ने मजबूत डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने गलत सूचनाओं के प्रति आगाह किया और देश की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने यूपीआई को सरल और विस्तार योग्य डिजिटल नवाचार का एक मॉडल बताते हुए भारतीय कंपनियों में विश्वास व्यक्त किया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

## इंडिया एआई समिट

भारत और अमरीका ने आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में पैक्स सिलिका घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर किए। यह घोषणा–पत्र महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर के उत्पादन तथा तेजी से विकसित हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा।

इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत का लक्ष्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों में अग्रणी भूमिका निभाना है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत के अलग–अलग राज्यों से छात्र चिप्स डिजाइन कर रहे हैं।

**आज स्टूडेंट्स के पास में वर्ल्ड के बेस्ट्स सेमीकंडक्टर डिजाइन टूल्स हैं। सिनॉप्सिस के, केडेन्स के, सीमेंस के और ऐप्सल्यूटली फ्री, स्टूडेंट्स को एक रुपया भी वहां पर कॉस्ट नहीं देनी पड़े। आज असम से, जम्मू–कश्मीर से, ओडिशा से, राजस्थान से, छत्तीसगढ़ से, तेलंगाना से, केरल से, तमिलनाडु से, सब जगह से स्टूडेंट्स चिप्स डिजाइन कर रहे हैं।**

श्री वैष्णव ने कहा कि भारत का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र बहुत जल्द वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेगा।

## जल संरक्षण अभियान–समीक्षा

जल संरक्षण और भूजल संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले का पांच प्रतिशत मॉडल देशभर में लागू किया जाएगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की उपस्थिति में आज आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान लिया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी जिला कलेक्टर शामिल हुए। इस दौरान जल संरक्षण और संवर्धन विषय पर चर्चा की गई।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल ने कोरिया जिले की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जल संकट के बीच कोरिया का यह नवाचार पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

गौरतलब है कि कोरिया जिले में जल संरक्षण के लिए 'आवा पानी झोंकी अभियान' की शुरूआत की गई है। इसके तहत खेत की कुल भूमि के पांच प्रतिशत भाग में सीढ़ीनुमा संरचना वाला सोख्ता गड्ढा तैयार किया जाता है। इसमें वर्षा जल को संरक्षित करने से भूजल स्तर में सुधार होता है।

## शिक्षक भर्ती

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता और सहायक शिक्षक विज्ञान–प्रयोगशाला के कुल पांच हजार पदों पर भर्ती का विज्ञापन शीघ्र ही जारी किया जाएगा। शासन ने परीक्षा के आयोजन के लिये छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल को अधिकृत किया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने विज्ञापन जारी करने संबंधी सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर आवश्यक प्रपत्र व्यापमं को उपलब्ध करा दिया है।

**जमीन–गाइडलाइन दर**

प्रदेश के रायगढ़, बालोद और महासमुंद जिलों में संशोधित गाइडलाइन दरों को आज बीस फरवरी से लागू कर दिया गया है। केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त संशोधित प्रस्ताव को अपना अनुमोदन दे दिया है। इससे पहले, अट्ठारह फरवरी को राज्य के ग्यारह जिलों में संशोधित गाइडलाइन दरें लागू की गई हैं।

**माशिमं–बोर्ड परीक्षा**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं बोर्ड की परीक्षा आज से शुरू हो गई है। वहीं, दसवीं की परीक्षा कल इक्कीस फरवरी से आयोजित की जाएगी। इन दोनों परीक्षाओं में प्रदेश के करीब छह लाख विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

इस बीच, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव आज सुबह परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेने दुर्ग स्थित आदर्श कन्या शासकीय स्कूल पहुंचे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की शुभकामनाएं देते हुए बिना तनाव के परीक्षा देने की अपील की।

**बातों–बातों–में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार पद्मश्री सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ से चुनी गई डॉक्टर बुधरी ताती से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल इक्कीस फरवरी को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## क्षेत्रीय–सम्मेलन

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा कल इक्कीस फरवरी से रायपुर में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन भारत सरकार के उपभोक्ता मामले और खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी ने बताया कि सम्मेलन में उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण पर चर्चा की जाएगी।

दो दिवसीय इस सम्मेलन के दौरान आयोजित कार्यशाला में आठ राज्यों के उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे।

## विधि विश्वविद्यालय–दीक्षांत समारोह

हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का नौवां दीक्षांत समारोह रायपुर में बाईस फरवरी को आयोजित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सर्वोच्च न्यायायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिन्हा, प्रशांत कुमार मिश्रा और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वीसी विवेकानंदन और कुलसचिव डॉक्टर दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में छात्रों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के परिसर में पचास करोड़ रूपए की लागत से निर्मित होने वाले ऑडिटोरियम परिसर का शिलान्यास करेंगे। मुख्य न्यायाधीश द्वारा नव स्थापित रिसर्च हब एंड स्पोक ब्लॉक का भी उद्घाटन किया जाएगा।

## देखो अपना देश–प्रतियोगिता

नवा रायपुर में कल इक्कीस फरवरी को पर्यटन शिक्षा एक्सपो और 'देखो अपना देश' प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के मुंबई स्थित इंडिया टूरिज्म के क्षेत्रीय कार्यालय के सौजन्य से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में पर्यटन के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ ही इसमें उपलब्ध रोजगार के अवसर से अवगत कराना और भारत की समृद्ध  सांस्कृतिक धरोहर के प्रति उन्हें प्रेरित करना है।

## आवासीय योजना–चयन प्रक्रिया

भारतीय खेल प्राधिकरण–सांई के रायपुर स्थित प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा आवासीय योजना में प्रवेश के लिए आगामी तेईस से पच्चीस फरवरी के दौरान रायपुर स्थित बूढ़ातालाब आउटडोर स्टेडियम में चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इसमें बारह से अट्ठारह वर्ष आयु के ऐसे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया हो। साथ ही राज्य स्तरीय चैंपिनयनशिप में पदक प्राप्त किया हो। आवासीय योजना के तहत बालक–बालिका वर्ग में तीरंदाजी और व्हालीबॉल का ट्रायल होगा। इच्छुक बालक–बालिकाओं को तेईस फरवरी को सुबह आठ बजे सांई प्रशिक्षण केन्द्र रायपुर में उपस्थित होना होगा।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– कांग्रेस ने विनोद जाखड़ को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन–एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है।

– राज्य सरकार ने आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा और औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष पद पर अंजय शुक्ला की नियुक्ति की है।

– राज्य विधानसभा के आगामी बजट सत्र के मद्देनजर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत की अध्यक्षता में तेईस फरवरी को रायपुर में प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक आयोजित की जाएगी।

– उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्रपति शिवाजी की जयंती के अवसर पर कवर्धा में स्थापित उनकी प्रतिमा का लोकार्पण किया।

– उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के ग्राम बम्हनी में करीब उनतीस लाख रुपये की लागत से निर्मित महतारी सदन का लोकार्पण किया।

– रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम द्वारा इक्कीस और बाईस फरवरी को वार्षिक सांस्कृतिक और प्रबंधन उत्सव "मिराई 2026" आयोजित कियाजाएगा।

– रायपुर प्रेस क्लब के खेल मड़ई के अंतर्गत आयोजित स्वर्गीय कुलदीप निगम स्मृति इंटर प्रेस क्रिकेट स्पर्धा का खिताब इलेक्ट्रॉनिक संयुक्त इलेवन ने जीत लिया है। समापन समारोह में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>